Important Question Class 6 Hindi Chapter 12 राम का राज्याभिषेक

1. विभीषण ने राम से क्या अनुरोध किया?

उत्तर: विभीषण ने राम से अनुरोध किया कि वे कुछ दिन तक लंका में ही विश्राम करे और बाद में आराम से जाएँ।

2. राम कौन से विमान से अयोध्या को वापस गये थे?

उत्तर: राम "पुष्पक विमान" से अयोध्या वापस गये थे।

3. विमान कौन-सी दिशा में उड़ान भर रहा था?

उत्तर: विमान लंका के उत्तर दिशा में उड़ान भर रहा था।

4. ऋषि भरद्वाज का आश्रम कहाँ था?

उत्तर: ऋषि भरद्वाज का आश्रम गंगा-यमुना के संगम स्थान पर था।

5. राम का विमान कहाँ उतरा था?

उत्तर: राम का विमान नंदीग्राम में उतरा था।

लघु उत्तरीय प्रश्न: (2 अंक)

6. भरत ने राम को कब राज्य लौटा दिया था?

उत्तर: भरत ने राम को उनका राज्य अयोध्या पहुचने से पहले ही लौटा दिया था।जब राम नंदीग्राम तक ही पहुचे थे तो वही पर भरत ने राम को उनका राज्य लौटा दिया था।

7. राम ने लंका-नगरी में कदम क्यों नहीं रखा?

उत्तर: राम ने लंका नगरी में कदम नही रखा क्योकि राम जानते थे कि भरत ,अपने बड़े भाई प्रभु राम का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। वे उन्हें और इंतजार नही कराना चाहते थे।

8. विभीषण ने राम के सामने क्या प्रस्ताव रखा?

उत्तर: अयोध्या लौटने पर प्रभु राम का भव्य स्वागत होने के साथ साथ राम का राज्यभिषेक भी होने वाला था। इसी बात को लेकर विभीषण ने राम के सामने प्रस्ताव रखा कि वे उनको अपने राज्याभिषेक में अयोध्या अवश्य बुलाये।

9. निषादराज गुह ने हनुमान को क्या बताया?

https://www.evidyarthi.in/

उत्तर: जब हनुमान ने निषादराज गुह से भेंट किया। तब निषादराज ने उन्हें अयोध्या के बारे में सभी जानकारिया देते हुए वहा का हाल बताया।

10. सीता किष्किंधा क्यों गयीं?

उत्तर: सीता विमान में विराजमान थी और विमान किष्किंधा से होता हुआ निकल रहा था। तब विमान वहा सुग्रीव,तारा और रूपा को लेने के लिए उतरा था।

लघु उत्तरीय प्रश्न: (3 अंक)

11. राम के आने की सुचना पाकर भरत ने क्या किया?

उत्तर: राम के आने की सुचना पाकर भरत अतीव प्रसन्न हुए। भरत राम को याद करने लगे और उनके आँखों में आंसू आ गये और वो अयोध्या में उत्सव की तैयारी में जुट गये। उन्होंने प्रभु राम के आने की जानकारी सभी को बताई।

12. जिस विमान में राम अयोध्या लौट कर आए, उसका क्या नाम था? उस विमान को किसने किसको दिया था?

उत्तर: जिस विमान में राम अयोध्या लौट कर आए, उसका नाम पुष्पक था। जब भगवान राम लंका से अयोध्या अनेक वर्षो बाद जा रहे थे। तब लंका से अयोध्या लौटते समय ये विमान विभीषण ने राम को दिया।

13. राम ने राजसी वस्त्र कहाँ धारण किया?

उत्तर: अनेक वर्षो के बाद राम लंका-विजय करके अयोध्या वापस लौट रहे थे। जब वे नंदीग्राम तक ही पहुचे थे। तब अयोध्या पहुचने से पहले ही राम ने नंदीग्राम के पास ही राजसी वस्त्र धारण किया था।

14. राम के राजतिलक के बारे में बताईये?

उत्तर: राम के अयोध्या पहुचने से पहले ही राजतिलक की पूरी तैयारी कर ली गई थी। जब राम राजमहल पहुंचे तो अगले दिन सुबह मुनि वशिष्ठ ने राम और सीता का राजतिलक किया।पूरी प्रजा अत्यंत प्रसन्न थी।

15. विभीषण क्या चाहते थे?

उत्तर: विभीषण राम को कुछ दिन लंका में रोकना चाहते थे ताकि वे वहा रहकर थोडा विश्राम कर सके।साथ ही विभीषण राम को लंका की खूबसूरती दिखाना भी चाहते थे। वो राम से रीतिनीति का भी पाठ पढना चाहते थे।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न: (5 अंक)

16. हनुमान को पहले अयोध्या क्यों भेजा गया?

उत्तर: राम ने हनुमान को सबसे पहले अयोध्या भेजा ताकि वे सबसे पहले ये जान सके कि भरत को उनके आने की ख़ुशी है या नहीं। इसीलिए वे सीधा अयोध्या नहीं जाना चाहते थे। उनके मन में यह भी संदेह था कि कहीं भरत को सत्ता का मोह तो नहीं आ गया है। उन्होंने हनुमान को कहा की ध्यान से देखना कि यह समाचार सुनकर भरत को प्रसन्नता हुई की नही।अगर नहीं हुयी तो मैं अयोध्या नहीं जाऊंगा।

https://www.evidyarthi.in/

17. राम के शासन-काल में व्याप्त खुशहाली पर प्रकाश डालिए।

उत्तर: राम जब अनेक वर्षो बाद अयोध्या लौटे और जब उन्होंने राजकाज सम्भाला तो पूरी प्रजा बोहोत प्रसन्न और उत्साहित थी।लोग उनके शासन काल को रामराज्य कहने लगे। उनके शासन काल में किसी से किसी भी तरीके का भेद-भाव नहीं होता था। पूरी प्रजा का हर प्रकार से ध्यान रखा जाता था।हर किसी के साथ न्याय होता था। चारो ओर खुशिया व्याप्त थी।

18. विमान कौनसे रास्ते से होकर अयोध्या को पंहुचा?

उत्तर: विमान ने सबसे पहले लंका की उत्तर दिशा में उड़ान भरी। विमान उसी रास्ते से वापस लौट रहा था जिस रास्ते से रावण सीता को हरण करके ले गया था। विमान किष्किंधा से होता हुआ गया।जहा से सुग्रीव और तारा को लेकर विमान पर्वत को लांघते हुए पंपा सरोवर किनार पंहुचा। इसके बाद गोदावरी नदी को पार करते हुए पंचवटी पहचा। अंत में ऋषि भरद्वाज के आश्रम में उनसे भेंट करते हुए अंततःविमान अयोध्या पंहुचा।

19. राम के आने की सूचना पाकर भरत की मनोदशा का वर्णन करिये।

उत्तर: राम के आने की सुचना पाकर भरत अत्यंत प्रसन्न हुए और राम को देखने के लिए व्याकुल हो उठे। भरत अपने बड़े भाई राम को याद करते हुए भावुक हो गए और रोने लगे। उन्होंने बिना किसी देरी के अपने प्रभु राम के आने की खबर पुरे नगरी में फैला दी। उन्होंने अयोध्या में उत्सव की तैयारिया शुरू कर दी।सभी राम से मिलने निकल पड़े इसमें भी भरत उत्साह और प्रसन्नता से भरपूर सबसे आगे चल रहे थे।

20. राम के राज्याभिषेक के बाद कौन कहाँ-कहाँ लौटा?

उत्तर: राम का अयोध्या लौटने पर भव्य स्वागत हुआ और उनका राज्य अभिषेक भी किया गया।इस उत्सव में दूर दूर से लोग आये थे। राम के राज्याभिषेक के समाप्त होने के बाद सभी अपने निवास स्थल को रवाना हुए। विभीषण अपने राज्य लंका को लौट गये। सुग्रीव किष्किंधा की ओर निकल पड़े। ऋषि-मुनि अपने आश्रम चले गये। लेकिन हनुमान जीवन भर राम दरबार में ही रहे।

https://www.evidyarthi.in/